# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## TERM – II EXAMINATION (21 December 2024)
## HINDI COURSE - B
## Class – X (Set – B)

**Time allowed : 3 hours** **Maximum Marks : 80**

**सामान्य निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड है—'क', 'ख', 'ग' और 'घ'।
2. खंड 'क' में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
3. खंड 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. खंड 'ग' पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
5. खंड 'घ' रचनात्मक लेखन पर आधारित है, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
6. प्रश्न-पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
7. यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

**समय : 3 घंटे**

**पूर्णांक : 80**

## खंड 'क' (अपठित बोध) *(14 अंक)*

**इस खंड में अपठित गद्यांश से संबंधित तीन बहुविकल्पीय (1×3 = 3) और दो अतिलघूत्तरात्मक व लघूत्तरात्मक (2×2 = 4) प्रश्न दिए गए हैं।**

**1.** *निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* (7)

भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता रही है—'अनेकता में एकता।' यद्यपि ऊपरी तौर पर भारत के विभिन्न प्रदेशों में पर्याप्त भिन्नता दिखाई देती है, तथापि अपने आचार-विचारों की एकता के कारण यहाँ सदा सामाजिक संस्कृति का रूप देखने को मिलता है। अत: इसकी प्राचीनता, गतिशीलता, लचीलापन, ग्रहणशीलता, सामाजिक स्वरूप और अनेकता के भीतर मौजूद एकता ही इसकी प्रमुख विशेषता है। इस विशेषता के कारण ही भारतीय संस्कृति विश्व में अपना एक विशिष्ट स्थान रखती है। भारतीय संस्कृति का इतिहास बहुत प्राचीन है। वास्तव में, संस्कृति का निर्माण एक लंबी परंपरा के बाद होता है। संस्कृति वस्तुत: विचार और आचरण के वे नियम और मूल्य हैं, जिन्हें कोई समाज अपने अतीत से प्राप्त करता है। इसलिए कहा जा सकता है कि इसे हम अपने अतीत से विरासत के रूप में प्राप्त करते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो संस्कृति एक विशिष्ट जीवन-शैली का नाम है। यह एक सामाजिक विरासत है, जो परंपरा से चली आ रही है। प्राय: सभ्यता और संस्कृति को एक ही मान लिया जाता है, परंतु इसमें भेद है। सभ्यता में मनुष्य के जीवन का भौतिक पक्ष प्रधान होता है अर्थात् सभ्यता का अनुमान सुख-सुविधाओं से लगाया जा सकता है। इसके विपरीत संस्कृति में आचार और विचार पक्ष की प्रधानता होती है।

(क) 'जीवन का भौतिक पक्ष' से क्या तात्पर्य है? (1)

*(i)* संस्कृति *(ii)* सुख-सुविधाएँ
*(iii)* आचार-विचार *(iv)* अनेकता में एकता

(ख) परंपरा से चली आ रही सामाजिक विरासत किसे कहा गया है? (1)

*(i)* प्रदेशों में व्याप्त विभिन्नता को *(ii)* सामाजिक मूल्य को
*(iii)* सभ्यता को *(iv)* संस्कृति को

(ग) **कथन** (A) भारतीय संस्कृति विश्व में अपना एक विशिष्ट स्थान रखती है। (1)
**कारण** (R) 'अनेकता में एकता' भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषता है।

**कूट**

*(i)* कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।
*(ii)* कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
*(iii)* कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की गलत व्याख्या करता है।
*(iv)* कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(घ) भारत में सामाजिक संस्कृति का रूप किस कारण देखने को मिलता है? (2)

(ङ) गद्यांश से हमें क्या शिक्षा मिलती है? (2)

B-1

Scanned with CamScanner

**2. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (7)

जीवन में सफल वही होता है, जो उपयुक्त चुनाव करना जानता है। चुनाव करने में तनिक भी भूल-चूक हुई, तो हानि सुनिश्चित होती है। किसी भी क्षेत्र में चुनाव करने से पूर्व अनेकों चिंतन योग्य विषय होते हैं, जिनको नज़रअंदाज करने से संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया नष्ट व अर्थहीन हो जाती है, जिससे परिश्रम का कोई फल प्राप्त नहीं होता, हालाँकि कुछ चुनाव हमारे वश में नहीं होते; जैसे—माता-पिता का, जन्म-मृत्यु आदि, किंतु कुछ चुनाव हमारे वश में होते हैं, जिन पर हमारी सफलता-असफलता निर्भर करती है; जैसे—अच्छी-बुरी संगति का चुनाव, आलस्य और परिश्रम का चुनाव आदि। 'संगति का चुनाव' इन सब चुनावों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होता है, क्योंकि इस चुनाव पर हमारा आचरण, कर्म, विचार, भाषा, स्तर, मनुष्यता और हमारी सफलता-असफलता निर्भर करती है।

मनुष्य का चित्त बुराइयों और बुरे लोगों की ओर जल्दी आकृष्ट होता है। जिस तरह पानी सदा नीचे की ओर जाता है, उसी तरह मनुष्य का मन भी बुराइयों की ओर शीघ्र भागता है। जिस प्रकार ऊँचाई तक जाने में कष्ट उठाना पड़ता है, उसी प्रकार अच्छाई की ओर जाने में परिश्रम करना पड़ता है। हम विवेक से काम लेकर अच्छे और बुरे का चुनाव कर सकते हैं और इसी विवेक के आधार पर जीवन में सफलता पा सकते हैं।

(क) निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द गद्यांश में दिए गए 'आकृष्ट' शब्द के सही अर्थ को दर्शाता है? (1)

*(i)* अवनति *(ii)* आकर्षित *(iii)* अन्वेषण *(iv)* अनुमोदन

(ख) 'कुछ चुनाव हमारे वश में होते हैं, जिन पर हमारी सफलता-असफलता निर्भर करती है।' पंक्ति के माध्यम से लेखक प्रेरणा दे रहे हैं (1)

*(i)* आलस्य के चुनाव की *(ii)* अच्छी संगति के चुनाव की
*(iii)* माता-पिता के चुनाव की *(iv)* जन्म-मृत्यु के चुनाव की

(ग) **कथन** अच्छे और बुरे का चुनाव हमारी सफलता और असफलता पर निर्भर करता है।
**निष्कर्ष** अच्छे चुनाव से सफलता मिलती है और बुरे चुनाव से असफलता। (1)

**कूट**

*(i)* कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
*(ii)* कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
*(iii)* कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।
*(iv)* कथन गलत है, लेकिन निष्कर्ष सही है।

(घ) गद्यांश में मानव मन की तुलना किससे की गई है? (2)

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश से हमें क्या शिक्षा मिलती है? (2)

## खंड-'ख' पाठ्य पुस्तक

**प्र० 3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (4)**

१. क्रिया विशेषण पदबंध का एक उदाहरण लिखो।
२. सब से कम बोलने वाला वह आज चुपचाप बैठा है।(रेखांकित पदबंध का भेद लिखो)
३. जब 'संज्ञा पदबंध में से संज्ञा पद छोड़ देते हैं ,तब विशेषण पदबंध बचता है ।(सही /गलत)
४. पदबंध की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।
५. डॉक्टर दास गुप्ता मरीज़ों की देखभाल कल से कर रहे हैं।(पंक्ति में पदबंध रेखांकित करके उसका भेद भी बताएँ)

**4.निम्नलिखित 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए:(4)**

१. "शायद राधा आये । "का मिश्र वाक्य क्या होगा?
२. " जिनकी आय कम है ,उन्हें मितव्ययी होना चाहिए ।" रचना के आधार पर वाक्य का सा भेद है?
३. सरल वाक्य की पहचान बताइए।
४. " इस दर्जे में अव्वल आने पर ज़मीन पर पाँव नहीं पड़ते ।" वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलें।
५. रचना के आधार पर किस वाक्य में आश्रित उपवाक्य होता है?

**प्र० 5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (4)**

१. किस समास में पूर्व पद संख्यावाची होता है?
२. 'पानी की चक्की ' समस्त पद बनाकर समास का भेद भी बताएँ ।
३. "घनश्याम " समास विग्रह करके समास का नाम बताएँ।

B-2

Scanned with CamScanner

४. "नदी-झरना " समास विग्रह करके समास का नाम बताएँ।

५. 'समय के अनुसार ' का समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखें।

प्र० 6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (4)**

1. धज्जियाँ उड़ाना- मुहावरे का प्रयोग वाक्य में करें ।
2. ' मैं तुम्हारी व्यर्थ की धमकी से डरने वाला नहीं हूँ।' रेखांकित अंश के लिए उपयुक्त मुहावरे का प्रयोग वाक्य में करें ।
3. मुसीबत आने पर कभी -कभी—बनाना पड़ता है।(रिक्त स्थान में उचित मुहावरा भरें)
4. विजय ने मंच पर आने के बाद अपने भाषण से तो मानो गागर में सागर ही भर दिया।(पंक्ति में से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए)
5. ' माँ ने भाइयों को समझाया यदि घर में शांति बनाए रखना चाहते हो तो—-बंद करो।(रिक्त स्थान में उचित मुहावरा भरें)

## खंड 'ग' (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक) *(28 अंक)*

**इस खंड में पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके निर्धारित अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।**

**7.** *निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।* $(1 \times 5 = 5)$

किस्सा क्या हुआ था उसको उसके पद से हटाने के बाद हमने वज़ीर अली को बनारस पहुँचा दिया और तीन लाख रुपया सालाना वजीफ़ा मुकर्रर कर दिया। कुछ महीने बाद गवर्नर जनरल ने उसे कलकत्ता (कोलकाता) तलब किया। वज़ीर अली कंपनी के वकील के पास गया, जो बनारस में रहता था और उससे शिकायत की कि गवर्नर जनरल उसे कलकत्ता में क्यूँ तलब करता है। वकील ने शिकायत की भी परवाह नहीं की उलटा उसे बुरा-भला सुना दिया। वज़ीर अली के तो दिल में यूँ भी अंग्रेजों के खिलाफ नफरत कूट-कूटकर भरी है, उसने खंजर से वकील का काम तमाम कर दिया।

(क) "वज़ीर अली कंपनी के वकील के पास गया, जो बनारस में रहता था और उससे शिकायत की कि गवर्नर जनरल उसे कलकत्ता में क्यूँ तलब करता है?" कथन के माध्यम से वजीर अली के व्यक्तित्व की कौन-सी विशेषता ज्ञात होती है? (1)

*(i)* वज़ीर अली एक लाचार व्यक्ति था। *(ii)* वज़ीर अली एक दार्शनिक व्यक्ति था।
*(iii)* वज़ीर अली एक स्वाभिमानी व्यक्ति था। *(iv)* वज़ीर अली एक देशभक्त व्यक्ति था।

(ख) "वज़ीर अली के तो दिल में यूँ भी अंग्रेजों के खिलाफ़ नफरत कूट-कूटकर भरी है।" यह दर्शाता है, वजीर अली का/की (1)

*(i)* अभिमान *(ii)* अपनत्व *(iii)* कर्त्तव्यबोध *(iv)* देशभक्ति

(ग) पद से हटाए जाने के बदले में वज़ीर अली को क्या दिया गया? (1)

*(i)* एक महल और दो रानियाँ दी गई थीं *(ii)* तीन लाख रुपये सालाना दिया गया था
*(iii)* सरकारी पद पर नौकरी दी गई थी *(iv)* ये सभी

(घ) "उसे उसके पद से हटाने के बाद हमने वज़ीर अली को बनारस पहुँचा दिया" इस पंक्ति में 'हमने' शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है? (1)

*(i)* अंग्रेजो के लिए *(ii)* वकील के लिए
*(iii)* वज़ीर अली के लिए *(iv)* सआदत अली के लिए

(ङ) **कथन** (A) वज़ीर अली ने कंपनी के वकील की हत्या कर दी। (1)
**कारण** (R) वज़ीर अली अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना चाहता था।

**कूट**

*(i)* कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
*(ii)* कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
*(iii)* कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
*(iv)* कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।



Scanned with CamScanner

**8. गद्य खण्ड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए-2×3=6**

१. वज़ीर अली अंग्रेज़ों से नफ़रत करता है और उन्हें वह किसी भी क़ीमत पर देश से बाहर निकालना चाहता है और देश को उनसे आज़ादी दिलाना चाहता है ।' कारतूस 'पाठ के आधार पर वज़ीर अली के संघर्ष को लिखिए ।

२. बुजुर्गों द्वारा दी गई सीख भविष्य निर्माण में किस प्रकार सहायक होती है ?'अब कहा दूसरों के दुख से दुखी होने वाले 'पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

३. 'गिन्नी का सोना 'पाठ के आधार पर बताइए कि हमें आदर्शवादी होने के साथ -साथ व्यावहारिक होना भी क्यों ज़रूरी है?

४. 'झेन की देन 'पाठ हमें अत्यधिक व्यस्त जीवनशैली और उसके दुष्परिणामों से अवगत कराता है और यह संदेश देता है कि अधिक तनाव मनुष्य को पागल बना देता है ' प्रस्तुत कथन पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**9.** *निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।* (1 × 5 = 5)

उड़ गया, अचानक लो, भूधर
फड़का अपार पारद के पर!
रव-शेष रह गए हैं निर्झर!
है टूट पड़ा भू पर अंबर!
धँस गए धरा में सभयशाली!
उठ रहा धुआँ, जल गया ताल!
-यों जलद-यान में विचर-विचर
था इंद्र खेलता इंद्रजाल।

(क) पर्वत, झरने, शाल के वृक्ष आदि के दिखाई न देने का क्या कारण है? (1)

*(i)* मूसलाधार वर्षा का होना
*(ii)* घना अंधकार छा जाना
*(iii)* चारों ओर धुआँ ही धुआँ होना
*(iv)* ये सभी

(ख) कवि ने तालाब के जल से उठने वाले धुएँ को किसके समान बताया है? (1)

*(i)* सफेद हँस के
*(ii)* अग्नि के
*(iii)* *(i)* और *(ii)* दोनों के
*(iv)* गहन अंधकार के

(ग) 'रव-शेष रह गए हैं निर्झर' पंक्ति से क्या आशय है? (1)

*(i)* अंधकार छा जाने के कारण कुछ नहीं दिखाई देता, केवल झरनों की आवाज़ ही सुनाई देती है।
*(ii)* प्रकृति की सुंदरता का चित्रण झरनों के दृश्य के माध्यम से किया गया है।
*(iii)* झरने बहुत सुंदर दिखाई दे रहे हैं।
*(iv)* अंधकार में झरनों का दृश्य मनोरम दिखाई देता है।

(घ) प्रस्तुत पद्यांश में किस ऋतु की सुंदरता का वर्णन किया गया है? (1)

*(i)* वर्षा ऋतु
*(ii)* ग्रीष्म ऋतु
*(iii)* शरद ऋतु
*(iv)* बसंत ऋत

(ङ) **कथन** (A) इंद्र बादल रूपी विमान में घूम-घूमकर अपने जादुई करतब दिखा रहे हैं। (1)
**कारण** (R) झरनों की केवल आवाज सुनाई दे दही है।

**कूट**

*(i)* कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
*(ii)* कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।
*(iii)* कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
*(iv)* कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**10. पद्य खण्ड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए-2×3=6**

१. 'पर्वत प्रदेश में पावस 'कविता में कवि ने बादलों से पर्वत के छिप जाने पर क्या कल्पना की है ?

२. आप के पाठ्यक्रम में किस कविता में बताया गया है कि सैनिकों के लड़ने के लिए परिस्थितियाँ प्रतिकूल थी और कैसे ? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए ।

३. 'विपदाओं से मुझे बचाओ यह मेरी प्रार्थना नहीं 'कवि इस पंक्ति के द्वारा क्या कहना चाहता है?

४. सुमित्रानंदन पंत की कविता 'पर्वत प्रदेश में पावस 'के आधार पर बताइए कि कवि ने तालाब की समानता किसके साथ दिखाई है और क्यों?

B-4

Scanned with CamScanner

**प्रश्न 11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए:2×3=6**

१. मुन्नी बाबू टोपी का भाई था ।जब माँ द्वारा टोपी की पिटाई की जा रही थी तो वह कुछ नहीं बोला और वह नज़ारा चुपचाप देखता रहा । टोपी ने मुन्नी बाबू के बारे में कौन सा रहस्य छिपाकर रखा था और क्यों ? विस्तार से समझाइए।

२. ' बाल मन' स्वार्थ से चलायमान न होकर अपनेपन से चलायमान होता है ।यही अपनापन मानव -मानव के मध्य सद्भाव का जनक माना जाता है । 'टोपी शुक्ला' के इफ़्फ़न की दादी और घर की नौकरानी सीता के साथ संबंधों के परिपेक्ष्य में उपर्युक्त कथन की विवेचना कीजिए।

३. टोपी और इफ़्फ़न दोनों एक दूसरे को धर्म ,जाति ,संप्रदाय आदि से ऊपर उठकर प्रेम करते थे ।' टोपी शुक्ला 'पाठ के आधार पर इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

## खंड 'घ' (रचनात्मक लेखन) *(22 अंक)*

**इस खंड में रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके निर्धारित अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।**

**12.** *निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।* (5)

(क) **आज की बचत कल का सुख**

संकेत बिंदु
- बचत का अर्थ
- बचत का कारण
- दु:खदायक स्थितियों में बचत का महत्त्व
- वर्तमान और भविष्य को सुरक्षित करना
- उपसंहार

(ख) **आत्मविश्वास और घमंड**

संकेत बिंदु
- अर्थ
- कारण
- परिणाम
- किसे अपनाना चाहेंगे और क्यों?
- उपसंहार

(ग) **जीवन मूल्यों में गिरावट**

संकेत बिंदु
- जीवन मूल्यों में गिरावट और सामाजिक परिवर्तन
- जीवन मूल्यों में गिरावट के लिए उत्तरदायी तत्त्व
- जीवन मूल्यों में आई गिरावट को रोकने के उपाय
- उपसंहार

**13.** आसमान छूती महँगाई से सामान्य जनता त्रस्त है। बढ़ती हुई महँगाई के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए 'दैनिक जागरण' के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। (5 × 1 = 5)

***अथवा***

आपके नगर में एक विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला के संयोजक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखकर बताइए कि आप भी इसमें सम्मिलित होना चाहते हैं।

**14.** विद्यालय के विद्यार्थियों से रक्तदान करने की अपील करते हुए प्रधानाचार्य की ओर से एक सूचना लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए। (4)

***अथवा***

आप यमुना पब्लिक स्कूल में हिंदी विभाग के सचिव हैं। आपके विद्यालय में आयोजित दोहा गायन प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को आमंत्रित करते हुए एक सूचना लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए।

**15.** किसी ज्वैलर्स की ओर से लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (3)

***अथवा***

बैंक की अधिक सुविधाओं का एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

**16.** आपको और आपकी कक्षा के अन्य कुछ छात्रों को विद्यालय में खेलने का अवसर नहीं मिलता। कह दिया जाता है कि छात्र संख्या अधिक होने के कारण सबके लिए व्यवस्था नहीं हो सकती। प्रधानाचार्य को इसके लिए लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखकर इस समस्या पर चर्चा कीजिए और एक उपाय भी सुझाइए। (5)

***अथवा***

'जैसी करनी वैसी भरनी' उक्ति को आधार बनाकर लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए।

B-5

Scanned with CamScanner